नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी 1934 से

## एक नजर में



### घर में घुसा मगरमच्छ लागों ने लाठियों से खदेड़ा

**शिवपुरी.** शहर के चिंताहरण मंदिर के पास बीती रात एक मगरमच्छ अचानक एक घर में घुस गया, जिससे अफरातफरी मच गई. घर में मौजूद लोग घबरा गए और उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए. यह घटना राजू बाथम के घर में हुई. परिवार और पड़ोसियों ने लाठियों की मदद से मगरमच्छ को बाहर निकालने का प्रयास किया. इस दौरान मगरमच्छ आक्रामक हो गया और उसने कई बार अपना जबड़ा खोलकर लोगों को डराने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने धैर्य बनाए रखा.

### अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई, 15 को नोटिस

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले के लहार नगर पालिका क्षेत्र में कृषि भूमि पर बिना अनुमति प्लॉट काटकर अवैध कॉलोनियां बसाने के मामले में नगर पालिका ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक पार्षद सहित करीब 15 लोगों को नोटिस जारी किए हैं. नगर पालिका परिषद लहार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामशंकर शर्मा ने मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की है. आरोप है कि संबंधित लोगों द्वारा सर्वे क्रमांक 1341 सहित अन्य भूमि पर बिना लेआउट स्वीकृति और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान के कॉलोनी विकसित की जा रही थी.

### पुलिस ने 52.25 लाख मूल्य एमडी की जब्त

**नीमच.** पुलिस चौकी नयागांव थाना जावद और थाना जीरन की संयुक्त कार्रवाई में 52 लाख 25 हजार रुपये मूल्य के 500 ग्राम एमडीएमए, 2 किलो 140 ग्राम अवैध अफीम और 15 किलो अवैध डोडाचुरा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया. प्रकरण संख्या 01 में, दिनांक 03-04 अप्रैल 2026 को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर नीमच-निम्बाहेड़ा फोरलेन हाइवे पर नाकाबंदी की गई. इस दौरान एक हुंडई आई को रोका गया. कार की तलाशी में 500 ग्राम एमडीएमए और 15 किलो डोडाचुरा बरामद हुआ.

### शटर उखाड़ कर ज्वैलरी शॉप में चोरी

**रीवा.** बीती रात चोरों एक गांव में संचालित ज्वैलरी शॉप में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. खास बात यह है की चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने की बजाय सीधा शटर को ही उखाड़ दिया और दुकान में दाखिल होने के बाद काउंटर में रखे चांदी के गहने पार कर दिए, लेकिन गनीमत रही की चोर तिजोरी को नहीं तोड़ पाए. घटना की जानकारी पीड़ित की आज सुबह हुई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है. दरअसल ज्वैलरी शॉप में चोरी का यह मामला शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र ग्राम कचूर का है.

### फैक्ट्री वेस्ट से भूजल प्रदूषण की जांच के आदेश

**बड़वानी.** मध्यप्रदेश में बड़वानी जिले के पानसेमल क्षेत्र अंतर्गत वालझिरी पंचायत के टाकली गांव के एक हिस्से में भूजल प्रदूषण और जल संकट की स्थिति सामने आने पर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं. ग्रामीणों के अनुसार एक फर्टिलाइजर फैक्ट्री के आसपास स्थित कई कुएं और बोरवेल का पानी दूषित हो गया है. इससे जहां फसलें प्रभावित हो रही हैं, वहीं पेयजल का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है. ग्रामीणों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है.

# लॉज हादसा : अब तक तीन की मौत

- लाज मालिक और भूमि स्वामी पर प्रकरण दर्ज
- सीएम ने हादसे पर जताया शोक, राहत राशि का ऐलान

**अनूपपुर/कोतमा, 5 अप्रैल. मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में शनिवार शाम 4 मंजिला लाज गिरने से अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है. हादसे के करीब 21 घंटे बाद भी बचाव कार्य लगातार जारी हैं. मलबे में फंसे अन्य लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय टीम सहित 100 से अधिक लोग जुटे हैं. सर्चिंग के लिए भिलाई और बनारस से भी टीमें बुलायी गई हैं.**

घायलों को स्वेच्छा अनुदान से 2-2 लाख और रेडक्रॉस से 50-50 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे. कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भी बताया कि शासन की तरफ से सभी प्रभावितों के लिए यह सहायता सुनिश्चित की जा रही है. मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है.

हादसे के बाद कोतमा पुलिस ने लाज मालिक लालू अग्रवाल और होटल के बगल में निर्माण कार्य कर रहे भूमि स्वामी राजीव गर्ग पुत्र राम नरेश गर्ग के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

भोपाल से अपर मुख्य सचिव गृह विभाग सी. गुप्ता भी कोतमा पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी. इसके बाद उन्होंने पुन: घटनास्थल का दौरा किया. इस भयंकर हादसे ने नगर और आसपास के लोगों को दहला दिया है. प्रशासन और राहत दल लगातार मलबा हटाने, फंसे लोगों को बचाने और घायलों को चिकित्सा सुविधा देने में जुटे हुए हैं. राहत कार्य में सभी सरकारी एजेंसियों का सहयोग और प्रशासन की सक्रिय भूमिका देखने को मिल रही है. इस बीच, मृतकों के परिजन और स्थानीय लोग भी राहत कार्य की निगरानी कर रहे हैं. बचाव दल उम्मीद कर रहा है कि जल्द ही और लोगों को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा.



**मृतकों को मिलेंगे 9-9 लाख रुपए : सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. माहन यादव ने मृतकों के परिवार को 9-9 लाख रुपये और घायलों को 2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, संबल योजना और रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे. मृतकों के परिवार को स्वेच्छा अनुदान से 4-4 लाख, संबल योजना से 4-4 लाख और रेडक्रॉस से 1-1 लाख रुपये दिए जाएंगे.

# 3 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, 5 अप्रैल. शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर डॉक्टर से 3.4 करोड़ की ठगी मामले में साइबर सेल एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. अब तक तीन ठग गिरफ्तार किए जा चुके है.**

पुलिस के अनुसार शहर में रहने वाली एक डॉक्टर को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे. आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा. डॉक्टर साइबर ठगों के मकडज़ाल में फंस गए थे. इसके बाद ठगों ने किश्तों में 3 करोड़ 4 लाख रुपये ऐंठ लिए थे. धोखाधड़ी का अहसास होने पर डॉक्टर ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. प्रकरण में 2 आरोपी संस्कार केशरवानी निवासी शीतलामाई घमापुर व सौरभ विश्वकर्मा निवासी खमरिया को पूर्व मे गिरफ्तार किया गया था जिससे सघन पूछताछ करते हुये प्रकरण के अन्य आरोपी सौरभ विश्वकर्मा उर्फ राहुल 25 वर्ष, निवासी खमरिया को को गिरफ्तार किया गया.



**पत्नी की मौत के बाद लिया था सम्बल योजना का लाभ**

आरोपी मोहित पटेल ने अपनी पत्नी की मौत के बाद पत्नी के नाम से सम्बल योजना का लाभ लेकर 2 लाख रुपये निकाले थे. जिसके संबंध में भी जांच चल रही है. आरोपी मोहित पटेल के खिलाफ पूर्व में खमरिया थाने में 304बी का मामला दर्ज है जो वर्तमान में जमानत पर था.

**गड़ा धन का लालच देकर लगाया 60 लाख का चूना**

राइट टाउन निवासी एक डॉक्टर और उनके बेटे को शातिर ठगों ने अपनी जालसाजी का शिकार बनाते हुए करीब 60 लाख रुपये ठग लिए. ठगों ने खुद को गरीब बताकर गड़ा हुआ सोना कम कीमत पर बेचने का झांसा देकर पिता को 50 लाख तो पुत्र को 10 लाख का चूना लगा दिया. मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर ए.के. त्रिवेदी पिता स्व. अरूण कुमार त्रिवेदी निवासी राइट टाउन का क्लीनिक है जहां करीब दो महीने पहले सोनू उर्फ वीरेंद्र प्रजापति नाम का व्यक्ति इलाज कराने क्लिनिक आया था. 15 दिन बाद दोबारा आने पर उसने डॉक्टर का विश्वास जीता.

### ओलावृष्टि पर प्रभारी मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को दिए निगरानी के निर्देश

**ग्वालियर.** क्षेत्र में हुई बारिश और ओलावृष्टि को लेकर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दूरभाष पर चर्चा कर कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत को निर्देश दिए. उन्होंने अफसरों से बात करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी करें और जहां आवश्यकता हो, वहां तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट कहा कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जल्द से जल्द आकलन किया जाए, ताकि प्रभावित नागरिकों को समय पर राहत प्रदान की जा सके.

# अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

- पुलिस ने 21 किलो गांजा के साथ युवकों को पकड़ा
- ओडिशा के संगठित तस्कर गिरोह से जुड़े हैं

**बालाघाट, 5 अप्रैल. जिलें में बालाघाट पुलिस ने ओडिशा से गांजा लाकर मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है. रामपायली पुलिस ने 21 किलो गांजा के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है. इनमें से एक बालाघाट निवासी है.**

एसडीओपी अभिषेक चौधरी के अनुसार, ग्राम लिंगमारा-दीनी रोड पर चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से बोरी में गांजा ले जाते हुए आरोपितों को रोका गया. पूछताछ में पता चला कि ये ओडिशा के संगठित तस्कर गिरोह से जुड़े हैं और पहले भी बालाघाट में गांजा सप्लाई कर चुके हैं.

मुन्ना (54, बालाघाट), मिकेंद्र उर्फ मुकेश देव (28, कोडाला, ओडिशा) और दिलीप (32, बौद्ध, ओडिशा). उनके कब्जे से लगभग 21 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 5-6 लाख रुपये आंकी गई है. साथ ही तस्करी में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद की गई. आरोपितों को न्यायालय में पेश कर 13 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है. आरोपितों के खिलाफ थाना रामपायली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20, 25, 29 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है.




बालाघाट जिले में गांजे की सप्लाई लगातार बढ़ रही है. पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से नेटवर्क की बड़ी परतें उजागर होंगी. आरोपितों से सघन पूछताछ जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

**अभिषेक चौधरी,**
एसडीओपी, वारासिवनी

# भाजपा सरकार में भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा : पूर्व मंत्री

**धार, 5 अप्रैल. पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत धार नगर के भाजपा केसरीमल सेनापति मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन रविवार को हुआ.**

उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती धार विधानसभा क्षेत्र की विधायक नीना वर्मा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने टोली संयोजक जिला महामंत्री राकेश पटेल मंचासीन रहे. सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ आरंभ किया. मंडल प्रशिक्षण वर्ग में कुल 8 सत्र हुए. जिसमे विभिन्न विषय – पार्टी का इतिहास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, केंद्र सरकार की योजनाएं, राज्य सरकार की उपलब्धियां बूथ प्रबंधन और मन की बात कार्यक्रम, हमारी कार्य पद्धति, सोशल मीडिया, एआई, नमो एप विस्तार से चर्चा की.






# संस्कारयुक्त शिक्षा से क्षेत्र का विकास संभव : उप मुख्यमंत्री

**रीवा, 5 अप्रैल: उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा से ही मानव जाति का कल्याण और क्षेत्रीय विकास संभव है. उन्होंने यह बात जवा में ईश्वरचंद्र विद्यासागर महाविद्यालय के रजत जयंती समारोह में कही.**

उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय की स्थापना को उच्च शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के योगदान की सराहना की. उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.

सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जवा अंचल के छात्र प्रावीण्य सूची में उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ समाज, संस्कृति और परंपरा बनाए रखने का आग्रह किया. विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने शिक्षा को देश व क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण बताया.

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक सिवनी में 3 युवकों की मौत

**जबलपुर, 5 अप्रैल. बरगी थाना अंतर्गत गजना नाला के पास जबलपुर- नागपुर नेशनल हाईवे पर बीती रात रोंगटे खड़े कर देने वाला सडक़ हादसा हो गया. सडक़ किनारे खड़े एक खराब ट्रक में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के पीछे से घुस जाने के कारण बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. तीनों मृतक सिवनी के निवासी थे.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात लगभग 11 बजे गजना नाला और आरटीओ बैरियर के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए डब्ल्यू 8197 तकनीकी खराबी के कारण सडक़ पर खड़ा था. इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 22 जेई 7877 पर सवार तीन युवक जबलपुर की ओर से आ रहे थे, जो अनियंत्रित होकर सीधे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराए. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.

सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे की 1033 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर ले जाया गया.

# ऑटो और हाईवा की टक्कर से 14 घायल

- अमिलिया थाना क्षेत्र ग्राम चमरौंहा में हुआ सड़क हादसा
- जिला अस्पताल में किया गया रेफर

**सीधी, 5 अप्रैल. जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरौंहा में रविवार दोपहर करीब 4 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार हाईवा ने सवारियों से भरे एक ऑटो ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे करीब 14 लोग घायल हो गए. इनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है,**

जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल अमिलिया थाना क्षेत्र के कोरौली कला अंतर्गत ग्राम परसोना के निवासी हैं. ये लोग अमिलिया में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने जा रहे थे. इसी दौरान चमरौंहा के पास यह हादसा हो गया. हादसे में चार से पांच छोटे बच्चे भी घायल हुए हैं, हालांकि कई लोगों को मामूली चोटें आईं, जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर लौट गए. स्थानीय लोगों के अनुसार अमिलिया ग्राम पंचायत में हर सप्ताह लगने वाले बाजार के कारण क्षेत्र में काफी भीड़भाड़ रहती है. आसपास के कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में यहां खरीदारी के लिए आते हैं, जिससे यातायात का दबाव बढ़ जाता है. इस दुर्घटना के पीछे दो प्रमुख कारण सामने आ रहे हैं. पहला ऑटो क्रमांक एमपी 53 जेडबी 9199 में सवारी क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया गया था, जिससे संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित हुए.



## भ्रष्टाचार की जांच के बीच अवैध तबादले रद्द, अधीक्षक सस्पेंड

**खण्डवा.** जनजातीय कार्य विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ जिला प्रशासन ने के आदेशों ने पूरे महकमे में खलबली मचा दी है. एक ओर जहाँ भ्रष्टाचार की जांच की जद में आए छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर मुख्यालय से दूर फेंक दिया गया है, वहीं दूसरी ओर नियमों को ताक पर रखकर किए गए दर्जनों तबादलों को कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित कर दिया गया है. प्रशासन की इस कार्रवाई का केंद्र तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के कार्यकाल की वह कार्यप्रणाली है, जो अब जांच दल के निशाने पर है. भ्रष्टाचार की शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक हेमंत सिन्हा को पद से पृथक कर दिया गया है.

# मेरा पति 21 साल बड़ा मैं साथ नहीं रहूंगी

- युवती को बॉयफ्रेंड संग रहने की अनुमति दी हाईकोर्ट ने
- युवती की इच्छा को दी प्राथमिकता

**ग्वालियर, 5 अप्रैल. ग्वालियर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 19 वर्षीय युवती को अपने 21 साल बड़े पति के बजाय प्रेमी के साथ रहने की अनुमति दी है. यह मामला हैबियस कॉर्पस याचिका से जुड़ा था. न्यायाधीशों आनंद पाठक और पुष्पेंद्र यादव की युगलपीठ ने युवती की इच्छा को प्राथमिकता देते हुए निर्णय सुनाया.**

युवती ने कोर्ट में स्पष्ट कहा कि वह बालिग है, किसी अवैध बंधन में नहीं है और अपने माता-पिता और पति अवधेश दोनों के साथ नहीं रहना चाहती. उसने बताया कि 40 वर्षीय पति के साथ वैवाहिक जीवन में सामंजस्य नहीं बन पाया और उसे दुर्व्यवहार झेलना पड़ा. इसके बाद युवती की काउंसलिंग भी की गई, लेकिन उसने बॉयफ्रेंड अनुज के साथ रहने की अपनी इच्छा दोहराई. अनुज ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह युवती की पूरी देखभाल करेगा और किसी तरह की प्रताड़ना नहीं होगी. कोर्ट ने युवती को अनुज के साथ जाने की अनुमति देते हुए अगले 6 महीनों के लिए 'शौर्या दीदी' नियुक्त कीं, जो युवती की सुरक्षा, भलाई और मार्गदर्शन सुनिश्चित करेंगी. युवती को वन स्टॉप सेंटर, कंपू, ग्वालियर से सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मुक्त किया जाएगा.

युवती के पति अवधेश की ओर से अधिवक्ता सुरेश पाल सिंह गुर्जर ने याचिका दायर की थी, जिसमें आरोप था कि युवती को अनुज अवैध रूप से अपने पास रख रहा है. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की मौजूदगी में युवती की इच्छा को प्राथमिकता देते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया. यह फैसला नाबालिगों और विवाहिक अधिकारों के मामले में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और स्वीकृति के महत्व को उजागर करता है.


**चिंता बढ़ी** | फोन कॉल, फर्जी लिंक और ऐप से लोगों के खाते साफ; तीन महीने में करोड़ों की ठगी

# सायबर ठगी में नंबर वन बना इंदौर, दो दिन में दर्जनों केस दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 5 अप्रैल. स्वच्छता में अव्वल इंदौर अब सायबर ठगों के निशाने पर है. शहर में ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों में तेजी आई है. परसों 18 थानों में ई एफआईआर के आधार पर केस दर्ज हुए थे, वहीं अगले ही दिन 10 थानों में दो दर्जन नए मामले सामने आए. लगातार बढ़ते मामलों ने पुलिस और आम लोगों दोनों की चिंता बढ़ा दी है.**

ठग अलग अलग तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं. कहीं फोन कॉल कर झांसा दिया जा रहा है, तो कहीं फर्जी लिंक और एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक किए जा रहे हैं. 1930 नेशनल हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद पहले जीरो पर ई एफआईआर दर्ज होती है, जिसे बाद में संबंधित थानों में ट्रांसफर किया जाता है. पिछले तीन महीनों में शहर के अलग अलग थानों में सैकड़ों केस दर्ज हो चुके हैं और करोड़ों रुपए की ठगी सामने आई है. बाणगंगा क्षेत्र में करोलबाग में रहने वाले अभिषेक करकरे के खाते से कॉल के जरिए 6 लाख रुपए से ज्यादा ट्रांसफर कर लिए. पलासिया में ऑनलाइन सामान मंगाने वाले सार्थक के साथ ठगी हुई, जबकि एमजी रोड क्षेत्र के विकास वर्मा के खाते से 37 हजार रुपए निकाल लिए. विनोबा नगर में रहने वाले शैलेंद्र शर्मा का मोबाइल गुम होने के बाद पीएनबी ऐप से करीब 2 लाख रुपए निकाल लिए. क्लर्क कॉलोनी निवासी हितेश चौकसे से फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग के नाम पर करीब 1.75 लाख रुपए ठग लिए. अयोध्या नगर के व्यापारी अमित वाधवानी से क्रेडिट कार्ड अपडेट के बहाने ओटीपी लेकर 65 हजार रुपए निकाल लिए. स्कीम 78 निवासी दिनेश कुमार के मोबाइल पर आई फर्जी केवाईसी लिंक से उनका फोन हैक कर करीब 1.5 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए. न्यू मालवीय नगर की प्रतीक्षा मोरे, कृष्णबाग के अनिल चौहान, राजेंद्र नगर के तेजस्वी मनसोत्रा और सिलिकॉन सिटी की पूजा सहित कई अन्य लोग भी ठगी का शिकार हुए हैं.




**फ्लाइट टिकट होटल बुकिंग के नाम पर की ठगी**

इधर परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने झांसे में लेकर फरियादी से 1.77 लाख रुपए ऐंठ लिए. क्लर्क कॉलोनी में रहने वाले 43 वर्षीय हितेश चौकसे ने शिकायत में बताया कि आरोपी अमित कासलीवाल ने फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग कराने का झांसा दिया. भरोसे में लेकर उससे 1,77,000 रुपए ले लिए, लेकिन न तो टिकट कराया और न ही होटल बुकिंग की. मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी अमित कासलीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.